# 21

# जरा संभल के

प्रायः खेलते समय या कुछ काम करते समय जरा सी असावधानी से चोट लग जाती है। इस तरह से चोट लगने की घटनाएँ शाला या घर कहीं भी हो सकती हैं। तुम्हें भी कभी ना कभी चोट जरूर लगी होगी। जब तुम्हें चोट लगी थी, उसके बारे में बताओ–

1. चोट कब लगी?

   ——————————————————————————————

2. कहाँ लगी?

   ——————————————————————————————


3. कैसे लगी?

   ——————————————————————————————


4. चोट लगने पर क्या किया?

   ——————————————————————————————

नीचे दिये गये चित्रों को देखकर उत्तर दो–



**चित्र 1**




**चित्र 2**

1. तुम किसकी तरह पैंसिल छीलना पसन्द करोगे?

   ——————————————————————————————

2. क्यों?

   ——————————————————————————————




चित्र–1 चित्र–2

1. तुम किसकी तरह पतंग उड़ाना पसन्द करोगे?

————————————————————————————

2. क्यों?

————————————————————————————



चित्र–1 चित्र–2

1. तुम केला खाकर छिलके को किसकी तरह फेंकना पसन्द करोगे?

————————————————————————————

2. क्यों?

————————————————————————————

थोड़े से आलस, जल्दबाजी और असावधानी से या कई बार दूसरे की गलती से भी हमें चोट लग सकती है।

क्या तुम्हारी शाला में कभी ये दुर्घटनाएँ हुई हैं? यदि हाँ तो सही (✔) और नहीं तो गलत (**X**) का निशान लगाओ।

1. चॉक या डस्टर के फेंकने से किसी को चोट लगी। ( )
2. खेल के मैदान में दौड़ते समय किसी को चोट लगी। ( )
3. सीढ़ियों पर ऊपर या नीचे की ओर दौड़ने पर किसी को चोट लगी। ( )
4. कांच टूटने के कारण किसी को चोट लगी। ( )
5. साइकिल से गिरने पर चोट लगी। ( )

दुर्घटनाएँ अचानक होती हैं। इनके कारण शरीर में जहाँ चोट लगती है, वहाँ बहुत तेज दर्द होता है। कई बार तो उस जगह से खून भी निकल आता है। हमें अपना काम करते समय और खेलते समय लापरवाही नहीं करनी चाहिए।


सड़क पर चलते समय लापरवाही करने और सुरक्षा के नियमों का पालन न करने पर गम्भीर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं।

सड़क पर चलते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है जैसे–

1. हमेशा फुटपाथ पर चलना चाहिए।
2. सड़क पार करने से पहले एक बार दाँए फिर बाँए देखना चाहिए।
3. जब कोई वाहन नहीं आ रहा हो तब सड़क पार करनी चाहिए।

   यदि तुम्हें शहर के चौराहों पर लगी यातायात की बत्ती मिले तो तुम उसके संकेत कैसे पहचानोगे? गुरुजी से पूछकर लिखो।

**बत्ती**



**लाल बत्ती कहती थम,**
**चलते–चलते रुकते हम।**

**पीली कहती होशियार,**
**रूकने को होते तैयार**

**हरी बताए चलते जाओ,**
**आगे–आगे बढ़ते जाओ।**

## यातायात की बत्ती– संकेत

### कविता को पढ़कर नीचे लिखे संकेतों के बारे में लिखो।

लाल बत्ती ____________________

पीली बत्ती ____________________

हरी बत्ती ____________________

सड़क पर कुछ संकेत चिन्ह लगे रहते हैं। ये हमें यातायात सम्बंधी सूचनाएँ देते हैं, ताकि हम दुर्घटनाओं से बच सकें। गुरुजी या बड़ों की सहायता से इन संकेतों के अर्थ समझो।



## हमने क्या सीखा

**नजर हटी दुर्घटना घटी (जल्दबाजी और असावधानी के कारण दुर्घटना घट सकती है।)**

### मौखिक

1. दुर्घटनाएँ कब–कब हो सकती हैं?
2. केले के छिलके को सड़क पर फेंकने से क्या हो सकता है?

### लिखित

1. रिक्त स्थान की पूर्ति करो –

(i) लाल बत्ती हमें ____________________ का संकेत देती है।
(रूकने / चलने)

(ii) ____________________ हमें दुर्घटना से बचाती है।
(लापरवाही / सावधानी)

2. सड़क पर चलते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
3. सड़क पर यातायात के संकेत क्यों लगे होते हैं?

## खोजो आस–पास

यातायात के संकेतों के चित्र बनाकर अपनी कक्षा में लगाओ।